Volume 1 Issue 30

December 2017

eNewsletter

Monthly

मासिक

मुख्य संरक्षक

डा0 नितिन बंसल, नगर आयुक्त

मुख्य संपादक

श्री रमेंश चन्द्र सिंह,
संयुक्त नगर आयुक्त

संकलन

श्री संदीप श्रीवास्तच,
कोआर्डिनेटर, कम्प्यूटर सेल

कम्प्यूटर डिज़ाइन

टीम कम्प्यूटर सेल

नगर निगम, वाराणसी

स्मार्ट सिटी वाराणसी

अलौकिक · आध्यात्मिक · आधुनिक

दिनांक–12 दिसम्बर 2017 को नवनिर्वाचित मा0 महापौर, श्रीमती मृदुला जाससवाल तथा नवनिर्वाचित 89 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह ।

नगर निगम वाराणसी
सिगरा शहीद उद्यान के सामने वाराणसी 221010
Email-
nagarnigamvns@gmail.com

Website-www.nnvns.org
Phone- 0542 222 1 711
Fax- 0542 222 1 702
Control Room
Toll Free- 155304
0542- 2221709 / 0542-2221999

दिनांक–12 दिसम्बर 2017 को नवनिर्वाचित मा0 महापौर, श्रीमती मृदुला जाससवाल तथा नवनिर्वाचित 89 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह ।

मा0 मंत्री नगर विकास जी द्वारा दिनांक 23.12.2017 को समीक्षा बैठक की गई जिसमें निम्न बिन्दुओं पर प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गयाः—

1. सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाना

- सर्वे का काय पूण हो चुका है। कुल 91.27 किमी0 सड़के गड्ढायुक्त पायो गई जिसमें से 52.03 किमी0 गड्ढामुक्त किया है, 1.14 कि.मी. का काय प्रगति पर है, शेष 39.24 किमी0 अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज हाउसकनेक्शन व आई0पी0डी0एस0 योजना के काय से प्रभावित है। *मानचित्र*

2. गृहकर के दायरे में वृद्धि/वसूली में सुधार (समयसीमा 31 मार्च 2018)

- प्रथम चरण में 15 वार्डो में सर्वे द्वारा 285 छूटे भवनों का करारोपण व नय अनावासीय भवनों का कर निर्धारण कर रू0 138.31 लाख की गृहकर में वृद्धि हुई। शेष 75 वार्डों हेतु टीम गठित कर मार्च 2018 तक सर्वे/मूल्यांकन का काय पूर्ण कर लिया जायगा।

3. 227 पार्कों के सुन्दरीकरण/विकसित करना (समयसीमा फरवरी 2018)

- 58 पार्क सुधार एवं विकास हेतु चिन्हित
- 28 पार्क बाउण्ड्रीवाल व गेट मरम्मत कार्य कराया गया।
- 30 पार्क में कार्य प्रगति पर ।
- अमृत अन्तर्गत 7 पार्कों में से 04 में बाउण्ड्रीवाल कार्य पूर्ण शेष पर कार्यवाही हेतु संबंधित को नोटिस जारी।

टेगोर टाउन कोलानी पार्क मरम्मत व पेंटींग का कार्य

अशोक विहार कोलानी फेस–1
एमएम ब्लाक कलरिंग का कार्य

4 सत्यापित पथ विक्रेताओं को चिन्हित स्थल आवंटित किया जाना

- सर्वे का काय पूर्ण 24,472 वेण्डर्स व 167 वेण्डिंग जोन चिन्हित जिसमें से प्रथम चरण में 17 वेण्डिंग जोन चयनित कर लेआउट प्लान तैयार कर अन्य विभागों से अनापत्ति की प्रक्रिया में।
- सर्वेक्षित पथ विकेताओं को आधार से जोड़ा जा रहा है।

5. पेयजल आपूर्ति पाईपलाइनों में लिकेज को चिन्हित करना।

- जलकल विभाग द्वारा सर्वे कराकर 106 स्थलों पर सीवर मेनहोल के पास से पेयजल लाईन को चिन्हित कर अलग किया गया। इसके अतिरिक्त 143 स्थान पर जल निगम/आईपीडीएस इत्यादि विभागों द्वारा कार्य के कारण क्षतिग्रस्त पाईपलाइन की मरम्मत की गई।
- इस प्रकार की शिकायतों के लिए जलकल विभाग में कन्ट्रोल रूम स्थापित है, जहॉ पर इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होने पर तत्काल शिकायतों को दूर किया जाता है।
- भविष्य में सीवर/पेयजल की समस्यों के निदान हेतु टीम गठित कर दी गई है। जो नियमित रूप से परीक्षण करती रहेगी ताकि समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जा सके।

स्मार्ट सिटी मिशन (रू0 107 राज्यांश +107 करोड़ केन्द्रांश, रू0 2 करोड़ अन्य मद सहित कुल 216 करोड़ रू0 प्राप्त)

1. इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर हेतु निविदा आमंत्रण

- इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर स्थापना के संबंध में मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर के चयन हेतु आमंत्रित अंतराष्ट्रीय निविदा दिनांक 17.11.17 को खोली गई। प्राप्त 04 निविदाओं में से 2 संस्थायं तकनीकी मूल्यांकन में असफल रही व सफल 2 संस्थाओं की वित्तीय निविदा 22.12.2017 को खोली गई।

2. चौराहे और सड़क

- फेज–1 में पी0एम0सी0 द्वारा–10 चौराहे, 40 किमी0 सड़क हेतु जारी निविदा को दिनांक–09.01.18 को खोला जायेगा।
- आई0यू0टी0: 8+8 = 16 चौराहों में से 08 चौराहों की निविदा जारी जिसे दिनांक–09.01.18 को खोला जायेगा।
- फेज–2 में पी0एम0सी0 द्वारा– 06 चौराहे, 50 किमी0 सड़क हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण, डिज़ाईन तैयार करने की

3. मल्टीलेवल पार्किंग: बेनियाबाग व गोदौलिया क्षेत्र में पार्किंग

- पी0एम0सी0 द्वारा सर्वे कार्य पूर्ण: फिज़बिलिटी रिर्पोट तैयार किया जा रहा है। गोदौलिया पार्किंग का आर0एफ0पी0 दिसम्बर माह में पूरा कर लिया जायेगा।
- बेनियाबाग पार्किंग सर्वे कार्य पूर्ण डिज़ाईन तैयार कर आर0एफ0पी0 तैयार करने की कार्यवाही गौदौलिया पार्किंग के पश्चात किया जायेगा।

स्मार्ट सिटी मिशन

4. घाटों का फसाड इम्प्रूवमेंट

- डिजाईन की इंटैक से समीक्षा हो चुकी है व कमेंट/सुझावों को समाहित कर लिया गया है।
- आर0एफ0पी0 30 दिसम्बर तक।

5. मंदाकिनी कुण्ड एवं सूरज कुण्ड

- वाटर टेस्टिंग का कार्य पूर्ण, डिज़ाईन–संकल्पना तैयार।
- आगणन दर व कॉसेप्ट डिज़ाईन आर0एफ0पी के साथ दिसम्बर 2017 सम्भावित।

6. चार पार्को– मछोदरी पार्क, शात्री पार्क, रविन्द्रपुरी व गुलाब बाग

- शास्त्री पार्क, रविन्द्रपुरी पार्क एवं गुलाब बाग का आर0एफ0पी0 दिनांक–09.12.2017 को पुनः जारी जिसे 09.01.18 को खोला जायेगा।
- बेनियाबाग पार्क के संबंध में प्राप्त सुझाव/निर्देश के क्रम में ड्राइंग/ डिजाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में इस योजना को स्थगित (होल्ड) किया गया है।

7. गौशाला (छुट्टा पशु)

- छितौनी में भूमि चिन्हित की गई है। स्मार्ट सिटी मिशन अन्तर्गत डी0पी0आर0/आर0एफ0पी0 तैयार कर दिनांक 22.12.17 को निविदा सूचना प्रकाशित जिसमें दिनांक 22.01.2018 तक निविदा प्राप्त की जायेगी।

स्वच्छ भारत मिशन

1. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – योजना

1. बीट साईज का पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है
   - 29 वार्डों में बिट साइज घटाये जाने की आवश्यकता है।
   - 26 वार्डों में बिट साइज बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।
   - स्थलीय परीक्षण के बाद बीट प्लान तैयार किया जायेगा।
   - वार्डवार वास्तविक आवश्कयकता के आधार पर बिट प्लान बनाया जाना है। इस हेतु स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन हेतु रू. 33 करोड की उपलब्ध धनराशि का भी उपभोग किया जाना है।

2. घर–घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था के अध्ययन से यह पता चला कि वार्ड नं0 24, 21 में कर्मियों की कमी है। अतिरिक्त 8 बिट पर कर्मियों की तैनाती प्रस्तावित है।
   - ईकली द्वारा वार्ड 21 पर कार्यवाही की जा रही है।

3. एस.डब्ल्यू.एम. प्लान के अनुसार निष्प्रयोज्य कूड़ा घरों को सार्वजनिक शौचालय या अन्य किसी उपयोग हेतु प्रयोग किये जाना प्रस्तावित है ताकि खाली जमीन पर अतिक्रमण न हो

4. कूड़ा घरों से अपशिष्ट, ट्रांसफर स्टेशन को स्थानान्तरित किये जाने हेतु 3 स्थल चिन्हित किये गये हैं। इन स्थलों का भौतिक सत्यापन व डिजाइन तैयार किया जाना है। स्मार्ट सिटी अन्तर्गत पैन सिटी समाधान में रू. 15 करोड की धनराशि का उपभोग किया जाना प्रस्तावित है। प्रिफैब ट्रान्सफर स्टेशन बनाये जाने हेतु एच.पी.एल. सहयोग करेगा।

स्वच्छ भारत मिशन

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – योजना

5. अपशिष्ट संग्रहण हेतु इलेक्ट्रीकल गाडियां का प्रयोग/क्रय किया जाना। उ0प्र0 शासन द्वारा केन्द्रीयकृत क्रय पर विचार कर सकता है। सी0पी0एच0ई0ई0ओ0 द्वारा जेम पोर्टल पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी।

6. वाहनों की आवश्यकता/कमी का परीक्षण किया गया है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। तदोपरान्त क्रय किये जाने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

7. <u>सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग</u>–वर्तमान में एस0डब्ल्यू0एम0 से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु कार्यरत संस्था सिनर्जी टेलिमेटिक द्वारा दिनांक–25 दिसम्बर 2017 तक सभी मानिटरिंग प्रणालियां क्रियाशील करते हुए 1 जनवरी 2018 से पूर्ण रूप से प्रभावी की जायेगी। घर–घर कूड़ा संग्रहण पर भवन स्वामी/उपभोक्ता को एस0एम0एस0 भेजा जायेगा एवं निम्नलिखित सूचनायें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होंगी–

- कर्मियों की उपस्थिति (सेल्फी द्वारा)
- कूड़ा घर, सड़क सफाई, कूड़े के ढर एवं अन्य सम्भावित गंदगी के स्थलों का जियो टैग फोटो के माध्यम से मानिटरिंग।
- कूड़ा वाहनों का जी0पी0एस0 के माध्यम से दैनिक गतिविधि की समीक्षा, जिसे करसड़ा स्थित प्लान्ट से भी जोड़ा जायेगा। (यह नगर निगम एवं अन्य तीन एजेन्सियों के लिए भी प्रभावी होगा)

विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन– इण्डियन ऑयल द्वारा

2. रेलवे भूमि पर चिन्हित स्थलों पर शौचालय

नगर निगम व रेलवे द्वारा रेल पटरियों के समीप 13 स्थलों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें से किसी भी स्थल पर रेल मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय काम्प्लेक्स (पक्का) निर्माण के शर्तों को पूरा न करने के कारण मोबाईल टॉयलेट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

3. डिसेंट्रलाईज्ड बायोमीथेनाईज़ेशन प्लांट

वेस्ट टू इनर्जी–आई.डी.एच. (तीसरा) प्लांट को दिसम्बर में संचालन/प्रारम्भ प्रस्तावित है। 07 अन्य प्लान्टों की स्थापना के संबंध में निर्णय 2 क्रियाशील प्लांटों का आवासन एवं शहरीय मंत्रालय अन्तर्गत तकनिकी मूल्यांकन कमेटी द्वारा मूल्यांकनोंपरान्त किया जायेगा।

भवनिया पोखरी, शंकुलधारा में स्थापित वेस्ट टू ईनर्जी प्लांट, इण्डियन ऑयल द्वारा वित्तपोषित एवं ओ0आर0एस0पी0एल0 द्वारा संचालित

4. करसड़ा प्लांट

- करसड़ा कूड़ा प्रसंस्करण प्लांट पूर्णतया संचालित– 600 एम.टी. दैनिक क्षमता (475 एमटी कूड़ा प्रसंस्करण, 100 एमटी कम्पोस्ट उत्पादन)
- सेनेटरी लैण्डफिल क्रियाशील और लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन (10 जनवरी 2018 से)।
- दिसम्बर 2017 के बाद प्रसंस्करण एवं निस्तारण हेतु आपरेटर चयन के लिए सीपीएचईईओ के सहयोग से तैयार आरएफपी दिनांक 04.10.17 व पुनः दिनांक 25.11.2017 को आमंत्रित निविदा को दिनाकं 15.12.2017 को खोला गया जिसमें कुल 2 संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जो तकनीकी मूल्यांकन की कायवाही में है।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ भारत मिशन

- कूडा प्रबन्धन में लगे समस्त वाहनों (150) में जी0पी0एस0 ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है।
- स्वच्छ सर्वेक्षण–2018 में अब तक डाक्यूमेन्टशन कार्य के लिए निर्धारित 1400 अंकों में से 1000 अंकों के लिए तैयारी पूर्ण, शेष प्रगति पर ।
- ICLEI (International Council for Local Environmental Institute) द्वारा वार्ड 21 में कूड़े की एनालिसिस, 100 प्रतिशत डोर–टू–डोर कलेक्शन व 100 प्रतिशत सेग्रीगेशन के लिए नागरिकों में जागरुकता व नगर निगम के कर्मचारियों का क्षमता विकास का कार्य किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट मार्च 2018 तक चलेगा।

वाराणसी नगर निगम–खुले में शौच से मुक्त

02 अक्टूबर 2017 को वाराणसी नगर के सभी 90 वार्डों को खुले में शौच से मुक्त स्वघोशित किया जा चुका है एवं शासन से तृतीय पक्ष द्वारा निरीक्षण किये जाने हेतु अनुरोध किया गया हैं।

खुले में शौच से मुक्त के लिये निर्मित सेनिटेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विवरण :

- व्यक्तिगत शौचालय 8245 निर्मित एवं 722 निर्माणाधीन।
- सामुदायिक शौचालय 478 सीट (59 काम्पलेक्स) निर्मित एवं 157 सीट निर्माणाधीन।
- सार्वजनिक शौचालय 1042 सीट निर्मित, (133 काम्पलेक्स) एवं 122 सीट निर्माणाधीन।
- मुत्रालय 423 सीट निर्मित।

राष्ट्रीय जागरण — वाराणसी, 2 अक्टूबर 2017 — दैनिक जागरण | 19

वाराणसी नगर निगम सर्वेक्षण

वाराणसी नगर निगम क्षेत्र को "खुले में शौच से मुक्त" किये जाने की अनन्तिम घोषणा एवं आपत्ति तथा सुझाव का आमंत्रण

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वाराणसी नगर निगम ने नगर निगम क्षेत्र को "खुले में शौच से मुक्त" करने हेतु आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं जैसे – सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, ऐसे परिवार जिनके पास स्थान होते हुए भी व्यक्तिगत शौचालय नहीं है, उन्हें 8000/– रुपये की सहायता देते हुए व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया गया है।

आगन्तुकों एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु शौचालयों को चिन्हित करने हेतु गूगल टॉयलेट लोकेटर एप पर सभी सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों को दर्ज कराया गया है ताकि कोई आगन्तुक, पर्यटक / वासी अपने स्थल के आस–पास सरलता से चिन्हित कर उपयोग कर सके।

वाराणसी नगर निगम क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर अनिवार्य टॉयलेट की व्यवस्था के साथ–साथ आम जनता की आवश्यकता–नुसार निःशुल्क उपयोग हेतु उपलब्ध कराने का प्रबन्ध किया गया है। उपरोक्त अवस्थापना सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए तथा "खुले में शौच से मुक्त" वार्डों के स्कूलों के बच्चों, अध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों, वार्डों के स्वयं सहायता समूहों, वार्ड के पूर्व पार्षदों द्वारा दिए गये सोपणा पत्र, पूर्व में खुले में शौच के चिन्हित स्थलों के पास नामित स्वच्छताग्रहियों के द्वारा स्थानीय नागरिकों की सहायता से किए गये जन–जागरण व खुले में शौच करने वालों के व्यवहार परिवर्तन को देखते हुए तथा नगर निगम के द्वारा किए गये प्रचार–प्रसार, सफाई कर्मचारियों सफाई नायक व सफाई निरीक्षकों एवं अधिकारियों द्वारा किए गये अथक प्रयासों के फलस्वरूप उत्पन्न वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए, अब यह स्थिति बन रही है कि वाराणसी नगर निगम क्षेत्र को (वार्ड 1 से 90 तक) अनन्तिम रूप से खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जाय। यह सम्भव है कि कुछ ऐसे स्थल अभी तक चिन्हित नहीं हो सके हों अथवा कुछ व्यक्तियों के व्यवहार / दृष्टिकोण में परिवर्तन न हुआ हो, जिसके कारण उपरोक्त व्यवस्थाओं के बावजूद खुले में शौच किया जा रहा हो, उनको चिन्हित कर उसका निराकरण किया जायेगा।

अतः महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर के अवसर पर वाराणसी नगर निगम क्षेत्र को अनन्तिम रूप से "खुले में शौच से मुक्त" स्वघोषित करते हुए, इस घोषणा में नागरिक भागीदारी हेतु नगर निगम क्षेत्र के निवासियों एवं अन्य सभी सम्बन्धित से खुले में शौच स्थलों (यदि कोई हो) के चिन्हांकन व उसे समाप्त करने की व्यवस्था हेतु इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस दिन (30 दिन) के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं।

यह आपत्ति एवं सुझाव लिखित रूप से नगर स्वास्थ्य अधिकारी में रखे "सुझाव पेटिका" में अथवा ई मेल द्वारा ss2018vns@gmail.com, facebook:-nagarnigamvaranasi, swachhbharatmissionvaranasi व ट्विटर swachhbharatvaranasi पर दिये जा सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कार्यवाही करके वाराणसी नगर निगम क्षेत्र को अन्तिम रूप से "खुले में शौच से मुक्त" घोषित किया जायेगा।

(डा. ए.के. दूबे)
नगर स्वास्थ्य अधिकारी

(डॉ. नितिन बंसल)
नगर आयुक्त

स्वच्छता ही सेवा–संकल्प से सिद्धि
आइये हम सब मिल कर काशी को स्वच्छ, सुन्दर व सुरम्य बनायें

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 का ''आगाज़''

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के प्रति लोगो में जागरूकता पैदा करने, सोर्स सेग्रिगेशन में सकिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता एप डाउनलोड करने के उद्देश्य से दिनांक 17.12.2017 को अस्सी घाट पर कियाना सोल्यूशंस के सहयोग से ''आगाज'' कायक्रम का आयोजन किया गया जिसमें काशी के स्वच्छता दूतों को सम्मानित किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018

स्पेशल 31 प्रोग्राम

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के प्रति लोगो में जागरूकता पैदा करने, सोर्स सेग्रिगेशन में सकिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता एप डाउनलोड करने के उद्देश्य से दिनांक 21.12.2017 को राजेन्द्र प्रसाद घाट पर इकोपाल के सहयोग से "स्पेशल 31" कायक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के माध्यम से स्वच्छता के बारे में लोगो को जागरूक किया गया।

स्वच्छता एप डाउनलोड

- 25000 स्वच्छता एप डाउनलोड किय जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें से अबतक लगभग 17000 एप डाउनलोड हो चुका है।
- स्वच्छता एप डाउनलोड किय जाने हेतु नगर निगम की ओर से 40 लोगो की टीम बनकर वार्डवार विभिन्न स्कूलों, कालेजों, संस्थाओं, सार्वजनिक स्थनों/पार्क/कार्यालय, सड़कों पर व घाट किनारें दैनिक रूप से एप के बारे में जानकारी के साथ डाउलोड कराया जा रहा है। तथा टीम को नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रसस्ती पत्र प्रदान किया गया।
- दैनिक रूप से 500 से 1000 तक डाउनलोड कराया जा रहा है।

स्वच्छता चौपाल

नगर के पॉच जोन स्थित वार्डों में स्वचछता सम्बन्धित शिकायतों को प्राप्त करने व उनके त्वरित निराकरण हेतु स्वच्छता चौपाल का आयोजन 21 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक किया जा रहा है।

अमृत

1. अमृत पार्क

7 पार्कों हेतु कार्यादेश जारी व 4 पार्कों में काय प्रारम्भ कर बाउण्ड्री वाल का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है व अन्य कार्यो हेतु प्रोक्योरमेंट की कायवाही में। शेष 3 पार्क के ठेकेदारों को काय शुरू किय जाने हेतु नोटिस जारी किया गया है। अब तक 10 प्रतिशत की कुल भौतिक प्रगति है। सभी काय फरवरी 2018 तक पूर्ण होगा।

तिलभांडेश्वर पार्क

सुन्दरपुर पार्क

अशोक विहार पार्क

अमृत

2. सीवरेज

- कार्यवाही प्रगति पर, 14998 (29.84%) हाउस कनेक्शन चौम्बर निर्माण का कार्य पूर्ण।
- 01.05.2018 तक सभी 50260 हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।

3. पेयजल आपूर्ति

- सम्पूर्ण नगर में 50028 नग पेयजल गृहसंयोजन किया जाना है जिसका काय दिनांक 25.10.17 से शुरू कर दिया गया है अबतक 2030 नग कनेक्शन दिया जा चुका है। 30.06.2018 तक पूर्ण करने हेतु प्रयासरत।
- पेयजल कनेक्शन हेतु सभी अवर अभियंताओं की टीम बनाकर सभी 90 वार्डों में सर्वे का काय प्रगति पर ह।

हृदय योजना

3. दुर्गाकुण्ड कुरूक्षेत्र पोखरा एवं अस्सी घाट के हेरिटेज विकास का कार्य

- **95 प्रतिशत** कार्य पूर्ण हो चुका है। सड़क निर्माण में EESL द्वारा हेरिटेज पोल लगाऐ जाने तथा पावर ग्रिड द्वारा पुराने पोल हटाये जाने के कारण विलम्ब हुआ। वर्तमान में केवल मुख्य द्वारा का कार्य शेष है।**दिसम्बर 2017** तक पूर्ण होगा।

4. पिपलानी कटरा, कबीरचौरा क्षेत्र में हेरिटेज वाक का कार्य।

- इसके अन्तर्गत मार्ग का सौन्दर्यीकरण व जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जाना है जिसके सापेक्ष **62 प्रतिशत** की भैतिक प्रगति है।
- क्षेत्रीय जनता द्वारा उक्त क्षेत्र मे नई सीवर लाईन डाले जाने की मांग की गई है। सीवर लाइन के प्रस्ताव हेतु महाप्रबन्धक जलकल को नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है। सीवर लाईन डालने के उपरान्त ही गली सुधार का कार्य किया जा सकेगा। शेष कार्य प्रगति पर
- **मार्च 2018** तक पूर्ण कराया जा सकेगा।

5. वाराणसी शहर के अन्तर्गत 81 हेरिटेज स्थलों का विकास कार्य

- इसके अन्तर्गत मार्गो का विकास, सिमेंट म्युरल, एवं जन सुविधाओं का विकास किया जाना है जिसके सापेक्ष **78 प्रतिशत** की भैतिक प्रगति है। 81 हेरिटेज स्थलो में से 27 स्थलो पर कार्य प्रगति पर है व 23 स्थलों पर कार्य पूर्ण। शेष 32 स्थलो पर डस्टबीन, साईनेज, पोल बेकेट लाईट का कार्य शेष हे जिसे अंतिम चरण में कराया जाएगा।
- **March 2018**तक कार्य पूर्ण कराया जाने का लक्ष्य है

पुरानी काशी क्षेत्र मे हेरिटेज के दृष्टिगत संवेदनशील आधारभूत ढाँचा विकास एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईटींग

स्वीकृत धनराशि	अवमुक्त धनराशि	परियोजना की प्रगति–	प्रारम्भ तिथि मार्च	अनुमानित पूर्णता
रू0–26.50 करोड़	रू0–21.20 करोड़	80 % कार्य पूर्ण	2017	तिथि दिसम्बर 2017

परियोजना के घटक

- हेरिटेज थीम युक्त पोल के साथ स्ट्रीट लाईटींग लगाया जाना

- *हेरिटेज पोल आपूर्तिकर्ता फर्म के चेन्नई स्थित प्लान्ट में बाढ़ की स्थिति के कारण एक माह तक पोल की आपूर्ति ठप रही, जिसके कारण परियोजना दिसम्बर 2017 तक पूर्ण हो पायेगी।*

परियोजनान्तर्गत चल रहे कार्य

वर्तमान स्थिति / प्रगति